भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-137**
उत्तर देने की तारीख-25/11/2024

## जयपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में केन्द्रीय विद्यालय

†137. **श्री राव राजेन्द्र सिंहः**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा वर्तमान वित्त वर्ष सहित पिछले पांच वर्षों के दौरान देश में नए केन्द्रीय विद्यालय (केवी) खोलने के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) को आवंटित धनराशि का राज्यवार और वर्षवार ब्यौरा क्या है;
(ख) पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान राजस्थान राज्य में खोले गए नए केवी की संख्या का जिलावार ब्यौरा क्या है;
(ग) पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान देश में विशेष रूप से राजस्थान में चालू किए गए नए केवी का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार के पास जयपुर के ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में केवी स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ङ) क्या सरकार द्वारा इन केवी की स्थापना के लिए कोई समय-सीमा तय की गई है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) केन्द्रीय विद्यालय संगठन (के.वि.सं) को प्रत्येक वर्ष तीन अलग-अलग लेखा शीर्षों अर्थात् वेतन, सामान्य और केन्द्रीय विद्यालयों (केवि) को खोलने और संचालित करने के लिए पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन के अंतर्गत अनुदान सहायता के रूप में बजटीय सहायता प्रदान की जाती है। के.वि.सं. को राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार निधियां आवंटित नहीं की जाती हैं। पिछले पांच वित्तीय वर्षों और मौजूदा वर्ष के दौरान के.वि.सं. को आवंटित निधियाँ निम्नानुसार हैं:-

**(रु.करोड़ में)**

| **वर्ष** | **आवंटित निधियां** |
|---|---|
| 2019-20 | 6331.40 |
| 2020-21 | 6437.68 |
| 2021-22 | 6800.00 |
| 2022-23 | 7461.25 |
| 2023-24 | 8500.00 |
| 2024-25 (ब.अ.) | 9302.67 |

(ख) से (ड.) के.वि.सं. से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिछले पांच वर्षों और मौजूदा वित्त वर्ष (अर्थात् 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23, 2023-24 और 2024-25) के दौरान देश भर में सिविल/रक्षा (राजस्थान राज्य में 02 केवि सहित) के तहत 48 केवि और उच्च शिक्षा संस्थान (आईएचएल)/परियोजना क्षेत्र के तहत 12 केवि खोले गए हैं और कार्यात्मक बनाए गए हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

वर्तमान में, राजस्थान राज्य में जयपुर जिले में 08 केवि सहित 77 केवि कार्यात्मक हैं। नए केवि खोलना एक सतत प्रक्रिया है। केवि मुख्य रूप से रक्षा और अर्ध-सैन्य कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूरे देश में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम प्रदान करके खोले जाते हैं। नए केवि खोलने के प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किए जा सकते हैं, जिनमें मानदंडों के अनुसार एक नया केवि स्थापित करने के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित अपेक्षित संसाधन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता हो। प्रस्ताव मौजूदा प्रक्रिया के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन हैं। केवि राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/जिला/संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मानदंडों पर नहीं खोले जाते हैं।

के.वि.सं. से प्राप्त जानकारी के अनुसार, के.वि.सं. के मानदंडों के अनुसार जयपुर, राजस्थान में एक नया केवि खोलने के लिए कोई व्यवहार्य प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****

**अनुलग्नक**

**माननीय संसद सदस्य श्री राव राजेन्द्र सिंह द्वारा 'जयपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में केन्द्रीय विद्यालय' के संबंध में दिनांक 25.11.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 137 के भाग (ख) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

**पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान खोले गए केन्द्रीय विद्यालयों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा**

| वर्ष | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | क्र.सं. | केवि का नाम |
|---|---|---|---|
| | | | **सिविल/रक्षा क्षेत्र के अंतर्गत खोले गए केन्द्रीय विद्यालय** |
| **2019-20** | उत्तर प्रदेश | 1. | भदोही, जिला भदोही |
| | | 2. | मिर्ज़ापुर, जिला मिर्जापुर |
| | | 3. | कौहर गौरीगंज, जिला अमेठी |
| | | 4. | आयर, जिला वाराणसी |
| | | 5. | रेलवे ईदगाह, जिला आगरा |
| | | 6. | 39वीं बीएन एसएसबी गदनिया पलिया कलां, जिला लखीमपुर खीरी |
| | | 7. | 59वीं बीएन एसएसबी नानपारा, जिला बेहराइच |
| | उत्तराखंड | 8. | खटीमा, जिला उधम सिंह नगर |
| | छत्तीसगढ़ | 9. | जीसी सीआरपीएफ बिलासपुर, जिला बिलासपुर |
| | | 10. | कोंडागांव, जिला कोंडागांव |
| | जम्मू एवं कश्मीर | 11. | जोधपुर, जिला डोडा |
| | ओडिशा | 12. | गुनुपुर, जिला रायगढ़ |
| | | 13. | आनंदपुर, जिला क्योंझर |
| | असम | 14. | 210 कोबरा, सीआरपीएफ बीएन दलगांव |
| | | 15. | एन.एफ. रेलवे रंगपारा, जिला सोनितपुर |
| | हरियाणा | 16. | जीसी सीआरपीएफ, सोनीपत |
| | | 17. | सीआरपीएफ कादरपुर, गुड़गांव |
| | आंध्र प्रदेश | 18. | कंदुकुर टाउन, जिला प्रकाशम |
| | | 19. | इरलापाडु गांव, नाडेंडला, जिला गुंटूर |
| | मध्य प्रदेश | 20. | अनुपपुर, जिला अनुपपुर |
| | | 21. | शामगढ़, जिला मन्दसौर |
| | | 22. | आगर-मालवा, जिला आगर-मालवा |
| | | 23. | अलीराजपुर, जिला आलीराजपुर |
| | | 24. | सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर एबी रोड, नयागांव, ग्वालियर |
| | अरुणाचल प्रदेश | 25. | दापोरिजो, जिला ऊपरी सुबांसरी |
| | | 26. | नामसाई, जिला नामसाई |
| | झारखंड | 27. | कोडरमा, जिला कोडरमा |
| | | 28. | सराय केलाखरसावां, जिला सरायकेला |
| | **राजस्थान** | **29.** | **रेलवे कॉलोनी बांदीकुई, जिला दौसा** |
| | | **30.** | **प्रतापगढ़, जिला प्रतापगढ़** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | तमिलनाडु | 31. | उडुमलपेट, जिला तिरुपूर |
| | पश्चिम बंगाल | 32. | एन.एफ.आर. न्यू जलपाईगुडी, जिला. जलपाईगुडी |
| | | 33. | जीसी सीआरपीएफ सिलीगुडी, जिला दार्जिलिंग |
| | कर्नाटक | 34. | रेलवे यशवन्तपुर, जिला बेंगलुरु |
| 2020-21 | झारखंड | 35. | एसईआर डांगोआपोसी, जिला पश्चिमी सिंहभूम |
| | | 36. | पलामू, जिला पलामू |
| | उत्तराखंड | 37. | 5वीं बटालियन एसएसबी चंपावत, जिला चंपावत |
| | उत्तर प्रदेश | 38. | मधुपुरी, जिला फ़तेहपुर |
| | | 39. | सुमेरपुर, जिला हमीरपुर |
| | तमिलनाडु | 40. | आईटीबीपी, इदियापट्टी, जिला मदुरै |
| | | 41. | आईटीबीपी इलुप्पाईकुडी शिवगंगई, जिला शिवगंगई |
| | अरुणाचल प्रदेश | 42. | केवि हयुलियांग, जिला अंजाव |
| | ओडिशा | 43. | छतरपुर, जिला गंजम |
| 2021-22 | कर्नाटक | 44. | सदलगाह, जिला, बेलगावी |
| | हरियाणा | 45. | बिलासपुर, जिला यमुनानगर |
| 2022-23 | त्रिपुरा | 46. | बीएसएफ गोकुलनगर, जिला सिपाहिजाला |
| | हिमाचल प्रदेश | 47. | धरमपुर, जिला मंडी |
| 2024-25 | बिहार | 48. | 205 कोबरा बीएन सीआरपीएफ बाराचट्टी, गया |
| **परियोजना/उच्च शिक्षण संस्थान के अंतर्गत खोले गए केवि** | | | |
| 2019-20 | दिल्ली | 49. | डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय, प्रेसिडेंट इस्टेट, नई दिल्ली (विशेष मोड) |
| | बिहार | 50. | आईआईटी पटना (बिहटा), जिला पटना |
| 2020-21 | मध्य प्रदेश | 51. | आईआईटी इंदौर |
| 2021-22 | पंजाब | 52. | आईआईटी रोपड़, जिला रूपनगर |
| 2022-23 | ओडिशा | 53. | आईआईटी भुवनेश्वर, जिला खोरधा |
| | | 54. | एमसीएल सुभद्रा क्षेत्र, जिला- अंगुल |
| | | 55. | एमसीएल जगन्नाथ क्षेत्र, जिला- अंगुल |
| 2023-24 | गुजरात | 56. | दीन दयाल पोर्ट अथॉरिटी गांधी धाम |
| | अरुणाचल प्रदेश | 57. | एनआईटी अरुणाचल प्रदेश, जोटे जिला पापुम पारे |
| | पंजाब | 58. | पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, घुद्दा, जिला भटिंडा |
| 2024-25 | आंध्र प्रदेश | 59. | आईआईटी तिरूपति |
| | ओडिशा | 60. | एनआईटी राउरकेला |

*****